न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, डीडवाना

पीठासीन अधिकारी:– **विकास मोहन भाटी, R.A.S.**

राजस्व वाद संख्या: **107/2025** दायर दिनाँक **28.03.2025**

वादीगण

1. हमीदा बानों पत्नी इंसाफ अली
2. सलीम खां पुत्र सुल्तान अली

जातिगण धोबी निवासीगण तोषीणा तहसील छोटी खाटु जिला डीडवाना–कुचामन राज.

बनाम्

प्रतिवादीगण

1. कालूराम पुत्र रामेश्वर
2. सीताराम पुत्र रामेश्वर
3. पन्नाराम पुत्र दीनाराम
4. बिदामी देवी पुत्री दीनाराम
   समस्त जाति गिंवार निवासीगण तोषीणा तहसील छोटी खाटु जिला डीडवाना–कुचामन
5. धन्राज पुत्र मेहराम
   जाति रेगर निवासी हरिजनों का मौहल्ला, बालवास तहसील परबतसर हाल बिदयात तहसील मकराना
6. इकबाल अली पुत्र मुस्ताक अली
7. साजिद अली पुत्र मुस्ताक अली
8. साहिदा पुत्री मुस्ताक अली
9. रूबिना बानों पुत्री मुस्ताक अली
10. हिना बानों पुत्री मुस्ताक अली
11. बानों बेगम पत्नी मुस्ताक अली
    निवासीगण तोषीणा तहसील छोटी खाटु जिला डीडवाना–कुचामन
12. आई.सी.आई.सी.आई बैंक शाखा डीडवाना
13. तहसीलदार, छोटी खाटु।

दावा बाबत्

बंटवारा, रिकार्ड दुरूस्ती, घोषणा खातेदारी व स्थायी निषेधाज्ञा

अन्तर्गत धारा– 53,88,188 R.T.Act. , 136 L.R.Act

उपस्थित:–

1. श्री मो. शरीफ शेरानी वकील वादीगण।
2. श्री मो. युनुस सलीम वकील प्रतिवादीगण संख्या 1, 2, 7 ता 11
3. श्री अभिषेक सिंघाड़िया वकील प्रतिवादी संख्या 5

–:: अंतिम निर्णय ::–

दिनाँक **11.08.2025**

वाद के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि यह है कि राजस्व ग्राम तोषीणा के नये खेत खसरा संख्या 251 रकबा 2.8400 है. बारानी 1, खसरा संख्या 259 रकबा 1.7000 है. बारानी 1 भूमि में वादी व प्रतिवादीगण के मध्य विभाजन प्रस्तावित करने बाबत् दिनाँक **30.06.2025** को प्राथमिक डिक्री जारी की जाकर तहसीलदार छोटी खाटू को निर्देश दिया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Mohan Bhati
Date: 2026.04.09 17:12:21 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार छोटी खाटू ने अपने पत्रांक: मू.अ./ ... / 1346 दिनाँक 04.08.2025 के द्वारा विभाजन प्रस्तावित किया। तहसीलदार छोटी खाटू द्वारा प्रस्तावित बन्टवारा पर

Vikas
उपखण्ड अधिकारी
डीडवाना

हस्त पक्षकारान् सुनी गयी जिसमें पक्षकारान बंटवारा प्रस्तावानुसार विभाजन करवाने हेतु सहमत हैं। बंटवारा प्रस्तावित करने में तहसीलदार छोटी खाटू सक्षम प्राधिकारी है। अतः तहसीलदार छोटी खाटू के द्वारा प्रस्तावित विभाजन प्रस्ताव जरिये पत्रांकः पत्रांकः भू.अ./2025/1346 दिनाँक 04.08.2025 को स्वीकार कर, हस्तगत वाद अंतिम डिक्री सादिर किया जाता है तथा आदेश दिया जाता है कि :–

–:: आदेश ::–

राजस्व ग्राम तोषीणा के नये खेत खसरा संख्या 251 रकबा 2.8400 है. बारानी 1, खसरा संख्या 259 रकबा 1.7000 है. बारानी 1 भूमि में वादी व प्रतिवादीगण के मध्य घोषणा खातेदारी व बंटवारा कर, इनकी वर्तमान खातेदारी के स्थान पर, तहसीलदार छोटी खाटू से प्राप्त विभाजन प्रस्ताव जरिये प पत्रांकः भू.अ./2025/1346 दिनाँक 04.08.2025 में वर्णितानुसार भूमि का, पक्षकारान् को स्वतन्त्र खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर खाता विभाजन करने के आदेश दिए जाते है।

तहसीलदार छोटी खाटू का विभाजन प्रस्ताव जरिये पत्रांकः पत्रांकः भू.अ./2025/1346 दिनाँक 04.08.2025 निर्णय एवं डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो।

Vikas

उपखण्ड अधिकारी
(विकास मोहन भाटी, R.A.S.)
डीडवाना
सहायक कलक्टर
डीडवाना

निर्णय आज दिनाँक 11.08.2025 को सरे इजलास में सुनाया गया।

Vikas

उपखण्ड अधिकारी
(विकास मोहन भाटी, R.A.S.)
सहायक कलक्टर
डीडवाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Vikas Mohan Bhati
Date: 2026.04.09 17:12:21 IST
Reason: SelfAttested